# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


पत्रांक : 1819 / M-20 / 205 दिनांक 12/8/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :- **ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 08.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "रायबरेली के नारायणपुर में खारे पानी की समस्या जल जीवन मिशन के बावजूद एक हजार ग्रामीण परेशान" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 08.08.2026 के पेपर में प्रकाशित "रायबरेली के नारायणपुर में खारे पानी की समस्या जल जीवन मिशन के बावजूद एक हजार ग्रामीण परेशान" शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| नारायणपुर जिले में जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई पेयजल परियोजना अधूरी होने के कारण करीब एक हजार ग्रामीण खारे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।<br>ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की व्यवस्था अब तक पूरी नहीं हो सकी है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके चलते घर–घर पानी पहुंचाने की योजना धरातल पर सफल होती नजर नहीं आ रही है।<br>गांव में पानी की समस्या को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अभी तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। खारे पानी के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।<br>विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, लेकिन नारायणपुर में हालात इसके विपरीत बने हुए हैं। | उक्त के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखंड डीह की ग्राम पंचायत नारायणपुर पूर्व से निर्मित आशारसीदपुर ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है। उक्त योजना की अधिवर्षता आयु पूर्ण होने के उपरान्त जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत आशारसीदपुर ग्राम समूह पुर्नगठन पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। योजना में सम्मिलित ग्राम पंचायत नारायणपुर के अंतर्गत 01 नग ट्यूबवेल के सापेक्ष 01 नग ट्यूबवेल का कार्य पूर्ण, 01 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 01 नग पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर, वितरण प्रणाली 7.47 कि0मी0 के सापेक्ष 6.65 कि0मी0 बिछायी जा चुकी है। 01 नग शिरोपरि जलाशय एवं 01 नग सोलर का कार्य अनारम्भ है। वर्तमान में उक्त पेयजल योजना पर अक्टूबर–2024 से धन आवंटन न होने के कारण कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है।<br>भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के समस्त कार्य माह दिसम्बर 2028 तक पूर्ण कराने हेतु समयावद्धि प्रदान की है।<br>अतः उक्त पेयजल योजना पर समस्त कार्य निर्धारित अवधि के भीतर पूर्ण कराते हुए जलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ करा दिया जाना लक्षित है। |

**संलग्नक–पेपर कटिंग**

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षे०), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# रायबरेली के नारायणपुर में खारे पानी की समस्या:जल जीवन मिशन के बावजूद एक हजार ग्रामीण परेशान

**महेश कुमार | जगदीशपुर खास (सलोन), रायबरेली**5 दिन पहले



नारायणपुर में खारे पानी की समस्या।

नारायणपुर जिले में जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई पेयजल परियोजना अधूरी होने के कारण करीब एक हजार ग्रामीण खारे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर तक जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की व्यवस्था अब तक पूरी नहीं हो सकी है। पानी की टंकी का निर्माण कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है, जिसके चलते घर-घर पानी पहुंचाने की योजना धरातल पर सफल होती नजर नहीं आ रही है।

गांव में पानी की समस्या को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन अभी तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। खारे पानी के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना का उद्देश्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, लेकिन नारायणपुर में हालात इसके विपरीत बने हुए हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि अधूरी पानी की टंकी का कार्य जल्द पूरा कराया जाए और गांव में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि इससे लोगों को करीब एक किलोमीटर दूर जाकर पानी भरने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे अपनी मांग को लेकर उच्च अधिकारियों के समक्ष आवाज उठाने को मजबूर होंगे।

इस अवसर पर सचिन सिंह, महेश कुमार द्विवेदी, महेंद्र कुमार मिश्रा, दीपक, गोविंद्र और लाला भाई सहित नारायणपुर कुटिया क्षेत्र के स्थानीय लोग मौजूद रहे।